गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)
GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (C.G.)
(A Central University established by the Central Universities Act, 2009, No.25 of 2009)
KONI, BILASPUR-495 009 (C.G.) INDIA, कोनी बिलासपुर 495 009 (छ0ग0) भारत
Tel. - +91-7752- 260209, Fax - +91-7752- 260154, website - www.ggu.ac.in
email : ggu.registrar@gmail.com

## बैठक कार्यवृत्त

विद्या परिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक को 09.03.2015 को पूर्वान्ह 11.30 बजे माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

1. प्रो.एस.पी.सिंह, कुलपति एवं अध्यक्ष
2. प्रो.ए.के.सक्सेना, अधिष्ठाता, गणितीय एवं संगणक विज्ञान अध्ययन शाला
3. प्रो.प्रतिभा जे. मिश्रा, अधिष्ठाता, समाज विज्ञान अध्ययन शाला।
4. प्रो.व्ही.एस.राठौर, अधिष्ठाता, कला अध्ययनशाला।
5. प्रो.मनीष श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, विधि अध्ययनशाला।
6. प्रो.एल.पी.पटेरिया, अधिष्ठाता, प्रबंध एवं वाणिज्य अध्ययन शाला।
7. प्रो.एस.व्ही.एस.चौहान, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण।
8. प्रो.प्रदीप शुक्ला, मुख्य कुलानुशासक एवं आचार्य, इतिहास विभाग।
9. प्रो.ए.एस.रणदीवे, परीक्षा नियंत्रक एवं आचार्य, गणित विभाग।
10. प्रो.अनुपमा सक्सेना, आचार्य एवं विभागध्यक्ष, राजनीति विज्ञान।
11. डॉ.भारती अहिरवार, सह आचार्य, फार्मेसी विभाग
12. डॉ.सी.एस.वझलवार, सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग।
13. प्रो.पी.के.दास, आचार्य, मानवशास्त्र विभाग।
14. डॉ.पारिजात ठाकुर, सह आचार्य, भौतिकी विभाग।
15. डॉ.देवेन्द्र कुमार पटेल, सहायक प्राध्यापक, ग्रामीण प्रौद्योगिकी
16. डॉ.प्रवेश दलेई, सहायक प्राध्यापक, विधि विभाग।
17. डॉ.प्रसेनजीत पण्डा, सहायक प्राध्यापक, विदेशी एवं आंग्ल भाषा विभाग।
18. डॉ.संजीत सरकार, सह आचार्य, शारीरिक शिक्षा।
19. डॉ.महेन्द्र कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक, शारीरिक शिक्षा।
20. डॉ.एस.के.शाही, विभागाध्यक्ष, वनस्पतिशास्त्र
21. डॉ.एम.के.सिंह, आचार्य, इंडस्ट्रियल एण्ड प्रोडक्शन विभाग।
22. डॉ.एम.सी.राव, सह आचार्य, सिविल इंजीनियरिंग

23. डॉ.ए.के.पाराशर, सहायक प्राध्यापक, सिविल इजीनियरिंग
24. डॉ.घनश्याम दुबे, सहायक प्राध्यापक, इतिहास विभाग।
25. श्री एस.के.मेहर, उप कुलसचिव (अकादमिक)
26. श्री एच.एन.चौबे, कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव

विषय क्र. (1) :– विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रम में सत्र 2015–16 में प्रवेश आवेदन जमा कराये जाने हेतु ऑन लाईन एवं ऑफ लाईन तिथियों पर विचार ।

निर्णय :– सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सत्र 2015–16 में प्रवेश आवेदन जमा कराये जाने हेतु प्रवेश सूचना 2015–16 के प्रारूप में ऑन लाईन एवं ऑफ लाईन आवेदन दिनांक 12.03.2015 से आमंत्रित किया जाये। साथ ही प्रवेश सूचना 2015–16 हेतु प्रस्तुत प्रारूप को यथावत अनुमोदन किया गया।

विषय क्र. (2) :– प्रबंध अध्ययन विभाग द्वारा सत्र 2015–16 में पीएचडी हेतु सीट संख्या के निर्धारण पर विचार।

निर्णय :– विद्या परिषद की स्थायी समिति ने अंकित किया कि, प्रबंध अध्ययन विभाग द्वारा सत्र 2015–16 में पीएचडी हेतु कुल रिक्त सीट संख्या 10 होने की जानकारी प्रदान की गई है। विचारोपरान्त सर्वसम्मति से प्रबंध अध्ययन विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया तथा विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को प्रारूप में यथावत समाहित किये जाने का निर्णय लिया गया।

विषय क्र. (3) :– प्रवेश सूचना 2015–16 को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु विचार।

निर्णय :– सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रवेश सूचना 2015–16 को हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित किया जाये। अंग्रेजी संस्करणों में अंग्रेजी में एवं हिन्दी संस्करणों में हिन्दी में विज्ञापन प्रकाशित किया जाये।

विषय क्र. (4) :– शैक्षणिक सत्र 2015–16 से एम.ए., एम.एससी. की स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में उपलब्ध कुल सीट में लेटरल एंट्री एवं इंटीग्रेटेड स्नातक/स्नातकोत्तर के छात्रों को प्रवेश देने पर विचार।

निर्णय :– सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र 2015–16 से स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की उपलब्ध सीटों में इंटीग्रेटेड स्नातक/स्नातकोत्तर के छात्रों को प्रवेश देने के पश्चात यदि सीटें रिक्त रह जाती हैं तो उन रिक्त सीटों पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रावीण्यता के आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाये।

यह भी निर्णय लिया गया कि एम.ए., एम.एससी. एवं अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यकमों में रिक्त सीटों की संख्या किसी भी स्थिति में उनके विभाग हेतु निर्धारित सीटों से अधिक प्रवेश न हो पाये।

विषय क्र. (5) :– कार्यालयीय ज्ञाप क्रमांक 92/अका./प्रवेश परीक्षा/2015, दिनांक 03.03.2015 द्वारा VET/VRET 2015-16 की प्रवेश परीक्षा के आयोजन हेतु केन्द्र निर्धारण के लिये गठित समिति में संशोधन पर विचार।

निर्णय :– स्थायी समिति ने अंकित किया कि भुवनेश्वर में परीक्षा केन्द्र में परीक्षा के आयोजन हेतु डॉ.पी.के.दास, आचार्य, मानवशास्त्र एवं डॉ.एस.एस.ठाकुर, सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र को अधिकृत किया गया है। डॉ.पी.के.दास ने अपने स्वास्थ्यगत कारणों से उक्त समिति में कार्य करने में असमर्थता व्यक्त किया है।

विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि भुवनेश्वर के परीक्षा केन्द्र में परीक्षा के आयोजन हेतु पूर्व में गठित समिति के सदस्यों के स्थान पर डॉ.नीलकंठ पाणिग्रही, सह आचार्य, मानवशास्त्र एवं डॉ.अच्युतानंद पण्डा, सह आचार्य, राजनीति विज्ञान को इस केन्द्र में परीक्षा के आयोजन हेतु समिति में सदस्य के रूप में नामांकित किया जाये।

विषय क्र. (6) :– अधिष्ठाता, अध्ययनशाला विधि ने विद्या परिषद की स्थायी समिति के समक्ष यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं में संलग्नित शिक्षकों/अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये जा रहे पारिश्रमिक की दरों में पुनर्विचार किया जाना आवश्यक है। इस संदर्भ में पूर्व में एक समिति का गठन किया गया था, परन्तु इस प्रकरण पर अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं हो पाया है।

इस संबंध में स्थायी समिति ने अधिष्ठाता, अध्ययन शाला विधि के प्रस्ताव को सिद्धांततः अनुमोदित करते हुए अधिष्ठाता, अध्ययन शाला विधि द्वारा पारिश्रमिक की दरों में वृद्धि सम्बन्धी प्रस्तुत प्रस्ताव को प्रभावशील किये जाने हेतु कार्यपरिषद की आगामी बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने का निर्णय लिया।

विषय क्र. (7) :– विद्या परिषद की स्थायी समिति ने अंकित किया कि, स्थायी समिति की बैठक दिनांक 23.02.2015 के विषय क्रमांक 05 के अंतर्गत प्रस्तुत प्रकरण के संदर्भ में किये गये अनुमोदन अनुसार शिक्षण विभागों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित VET/VRET 2015-16 की प्रवेश परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु गठित समिति में उप कुलसचिव (अकादमिक) को उक्त समिति का समन्वयक नामित किया गया है, जो प्रवेश परीक्षा के संदर्भ में विभिन्न विभागों से प्राप्त सुझावों/प्रस्तावों को पंजीबद्ध कर समिति के समक्ष निराकरण हेतु प्रस्तुत करेंगे तथा दैनंदिनी निराकरण हेतु एक बैठक पंजी भी संधारित करेंगे।

इसके पश्चात कुलपति जी द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा कार्यालय के द्वारा इस संबंध में की गई त्वरित कार्यवाही पर साधुवाद दिया गया।

9/3/15

प्रो.एस.पी.सिंह
कुलपति/अध्यक्ष

एच.एन.चौबे
कुलसचिव(कार्यवाहक)/सचिव